खुलने का समय और तिथि घोषित की जाएगी।

>> विस्तृत, संबंधित पेज 04

मेधावी छात्र-छात्राओं को जल्द हर माह 3 हजार तक मिलेगा वजीफा

सरकारी स्कूलों के कक्षा छह से 12वीं तक के बच्चों के लिए नई योजना का प्रस्ताव तैयार

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा छह से 12 तक के छात्र-छात्राओं को सरकार हर महीने छह सौ रुपये से लेकर तीन हजार रुपये तक छात्रवृत्ति देगी। विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया गया है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शुरू होने जा रही इस योजना के तहत चयन की प्रक्रिया दो तरह से होगी। सरकार की योजना अधिक से अधिक मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति देने की है ताकि बच्चे स्कूल जाने को प्रेरित हों और उनमें पढ़ाई के प्रति अधिक रुचि पैदा हो। छात्रवृत्ति के लिए 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं का चयन बोर्ड की परीक्षा की वरीयता सूची के आधार पर होगा। जबकि, कक्षा छह व आठ के छात्रों का चयन परीक्षा के आधार पर होगा।

10वीं व 12वीं के छात्रों का चयन बोर्ड परीक्षा की वरीयता सूची से होगा

कक्षा छह व आठ के छात्रों का चयन प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से होगा

ये परीक्षाएं विकासखंड स्तर पर आयोजित करने पर विचार हो रहा है।

हर ब्लॉक के परीक्षा में शामिल हुए श्रेष्ठ 10 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाएगी। कक्षा छह में चुने गए छात्रों को सातवीं तक और कक्षा आठ के छात्रों को नौवीं तक छात्रवृत्ति मिलेगी। इसके अलावा 10वीं में चुने गए छात्रों को 12वीं तक और 12वीं के छात्रों को स्नातक तक छात्रवृत्ति दी जाएगी।

10वीं में दो हजार, 12वीं में तीन हजार छात्रवृत्ति

वरीयता सूची में शामिल 12वीं के छात्र को चयन के बाद हर महीने 3000 रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। 10वीं के चयनित छात्र के लिए 2000 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति का प्रस्ताव है।

सरकार बजट में करेगी 100 करोड़ की व्यवस्था

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के मुताबिक, योजना के लिए 100 करोड़ से अधिक की धनराशि का प्रावधान किया जाएगा। इस पर सैद्धांतिक सहमति हो चुकी है। यह प्रस्ताव कैबिनेट की बैठक में लाया जाएगा।

आठवीं में हर महीने मिलेंगे आठ सौ रुपये

कक्षा	छात्रवृत्ति
6	600
7	700
8	800
9	900
10	2000
11	2500
12	3000

छात्रवृत्ति योजना का प्रस्ताव अंतिम रूप में है। 12वीं के चयनित छात्र-छात्राओं तीन साल तक छात्रवृत्ति मिलेगी। -बंशीधर तिवारी, शिक्षा महानिदेशक।

सरकार छात्रवृत्ति की बड़ी योजना लाने जा रही है। इस तरह की छात्रवृत्ति योजना शुरू करने वाला उत्तराखंड देश में पहला राज्य होगा। -डा.धन सिंह रावत, शिक्षा मंत्री।

सभी छात्रों को मिलेगा अंक सुधार का मौका

देहरादून। उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में फेल हो गए या कम अंकों से पास हुए हैं तो मायूस होने की जरूरत नहीं है। सरकार अधिकतम दो विषयों में फेल छात्र-छात्राओं के साथ ही अब पास छात्रों को भी अंक सुधार का मौका देगी। >> विस्तृत पेज 02